हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

**तापमान**

अधिकतम 32 .8 डिग्री
न्यूनतम 13 .7 डिग्री

12 पांच नवंबर को उद्घाटन से बाद गांधी ग्राउंड में होगी



12 असीम गोयल ने कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और नई पीढ़ी



## खबर संक्षेप

### नलकूपों से चोरी हुई बिजली की आठ मोटरें

**रादौर।** रादौर क्षेत्र के गांव संधाली के खेतों से चोरों ने चार किसानों के नलकूपों से आठ बिजली की मोटरें चोरी कर ली। मोटरें चोरी होने से किसानों को हजारों रुपये का नुक्सान हुआ है। पुलिस ने किसानों की शिकायत पर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। संधाली गांव निवासी किसान विजय राज, प्रताप राणा, संदीप राणा व सुरेश कुमार ने बताया कि बीती रात चोर उनके नलकूपों से बिजली की आठ मोटरें चोरी करके ले गए। उन्होंने बताया कि कई मोटरों के खोल आरोपी चोर खेतों में छोड़कर भाग गए और उनमें से तारें निकाल ले गए।

### ई-रिक्शा से सामान चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की एंटी बरगलरी कम एंटी नारकोटिक सेल टू की टीम ने ई.रिक्शा से सामान चोरी करने के मामले मे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एंटी बरगलरी कम एंटी नारकोटिक सेल टू के प्रभारी रमन चंदेल ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवक तेजली स्टेडियम के पास संदिग्ध हालत में घूम रहा है और वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। जांच टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान युवक की पहचान आजाद नगर निवासी दीपक के नाम से हुई। आरोपी से चोरी का सामान बरामद कर किया।

### नियमों की अनदेखी पर होटल व पैलेस का चालान

**यमुनानगर।** निगम यमुनानगर जगाधरी प्रशासन द्वारा बुधवार को बीडब्ल्यूजी नियमों की अनदेखी करने पर शहर में बड़ी कार्रवाई की। नगर निगम की टीम ने बीडब्ल्यूजी (बल्क वेस्ट जनरेटर) श्रेणी में आने वाले शहर के विभिन्न रिजॉर्ट, मैरिज पैलेस और होटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडब्ल्यूजी नियमों की उल्लंघना मिलने पर एक होटल व पैलेस का चालान किया।

### दो आरोपी गिरफ्तार, 76 ग्राम अफीम बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीला पदार्थ रखने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में एन्टी नारकोटिक सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोपी अमरीक सिंह वासी भेरियां जिला कुरुक्षेत्र को गिरफतार करके 76 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने नशील पदार्थ सप्लाई करने के आरोपी रणजीत सिह उर्फ सोनू वासी गांव बुधमोर थाना जुल्का जिला पटियाला पजाब को भी गिरफ्तार कर लिया।

### बिजली बिल बांटने को लेकर सास-बहू में विवाद

**करनाल।** गांव बल्लाह में बिजली बिल के भुगतान को लेकर सास-बहू के बीच विवाद बढ़ने का मामला सामने आया है। आरोप है कि बहू रेणु ने अपनी सास कृष्णा के साथ मारपीट की। जानकारी के अनुसार, 60 वर्षीय कृष्णा अपने इकलौते बेटे बिजेंद्र से अलग रहती हैं। बिजली का मीटर कृष्णा के पति पालेराम के नाम पर है, लेकिन इसका इस्तेमाल दोनों परिवार करते थे। बताया गया कि शनिवार को कृष्णा ने बिजली का मीटर उतरवा दिया, जिसके बाद दोनों के बीच तनाव बढ़ गया।

### रात 11 बजे जीटी रोड पर कार में आग लगी

**पानीपत।** पानीपत में जीटी रोड पर बाबरपुर मंडी के पास मंगलवार रात करीब 11 बजे चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। कार से लपटें उठने लगीं और देखते ही देखते पूरी गाड़ी आग की चपेट में आ गई। इस दौरान ड्राइवर अजय निवासी बदायुं उत्तर प्रदेश अंदर ही फंस गया। तभी वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार ने हिम्मत दिखाते हुए कार ड्राइवर को बाहर निकाल लिया। जहां दमकलल ने आग को काबू किया।

# कुरुक्षेत्र में एक को राष्ट्रपति व 5 को करनाल में होंगे अमित शाह

## उपायुक्त मीणा और भाजपा कार्यकर्ताओं ने संभाला तैयारियों का मोर्चा

- हेलीपैड के लिए एसडीएम शाहबाद व कुवि ऑडिटोरियम के लिए एसडीएम लाडवा होंगे नोडल अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/करनाल



कुरुक्षेत्र। उपायुक्त विश्राम मीणा। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित कुरुक्षेत्र दौरे और हरियाणा दिवस के प्रदेश स्तरीय समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिए हैं। सभी अधिकारियों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी समय पर और पूर्ण निष्ठा के साथ पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम के ओवरऑल कॉर्डिनेशन की जिम्मेदारी एडीसी पंकज सेतिया को सौंपी गई है। वे पूरे कार्यक्रम के संचालन, विभागों के बीच तालमेल और प्रोटोकॉल की निगरानी करेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि रोड रूट की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन और एसडीएम अमन कुमार संयुक्त रूप से संभालेंगे। हेलीपैड व्यवस्था के लिए एसडीएम शाहबाद शंभू राठी नोडल अधिकारी होंगे। मोटरकेड/वीआईपी रूट और शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर में कार्यक्रम की जिम्मेदारी एसडीएम थानेसर अमन कुमार को दी गई है। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम की व्यवस्था एसडीएम लाडवा राजेश कुमार सोनी देखेंगे। ऑडिटोरियम लाइन-अप के लिए नायब तहसीलदार राहुल को नियुक्त किया गया है। प्रदर्शनी की जिम्मेदारी एमडी शुगर मिल आदित्य को सौंपी गई है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था डीआईपीआरओ डॉ नरेंद्र सिंह देखेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राष्ट्रपति का दौरा लगभग 5 घंटे का रहेगा और इस दौरान वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, शक्तिपीठ मां भद्रकाली मंदिर और गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी।

### कार्यक्रम स्थल के 500 मीटर में प्रदर्शन पर रोक

राष्ट्रपति के 1 नवंबर को कुरुक्षेत्र आगमन के मद्देनजर जिला में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलाधीश एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा के आदेश जारी किए है। राष्ट्रपति के दौरे के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना, कानून व्यवस्था में बाधा, सार्वजनिक शांति भंग होने से रोकने के लिए एहतियाती कदम उठाए गए है।उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि वीवीआईपी आवागमन वाले निर्धारित मार्गों के दोनों ओर 110 मीटर के दायरे में वाहनों की पार्किंग पर प्रतिबंध रहेगा। इन मार्गों के दोनों ओर 110 मीटर के दायरे में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने की अनुमति नहीं होगी। कार्यक्रम स्थल के 500 मीटर के दायरे में तथा वीवीआईपी मार्गों के दोनों ओर किसी भी प्रकार के धरने, प्रदर्शन या अन्य प्रदर्शनात्मक गतिविधियों पर प्रतिबंध रहेगा। इसका उद्देश्य राष्ट्रपति के दौरे के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखना और किसी भी प्रकार की बाधा को रोकना है।



करनाल। पदयात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा करते महापौर और भाजपा पदाधिकारी।

### गृहमंत्री शाह के दौरे से पहले भाजपा ने कसी कमर, पदयात्रा की तैयारियों पर बनाई रणनीति

**करनाल।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को प्रस्तावित करनाल आगमन के मद्देनजर भाजपा ने 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' पदयात्रा की तैयारियां तेज कर दी हैं। भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में आयोजित बैठक में महापौर रेणु बाला गुप्ता ने भाग लिया।

- अमित शाह 5 नंवबर को लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ के तहत शहर में निकालेंगे पदयात्रा
- बैठक में पदयात्रा की रूपरेखा व आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

बैठक में पदयात्रा की रूपरेखा, आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर चर्चा की गई। महापौर ने भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर और जिला प्रभारी जवाहर यादव के साथ तैयारियों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया। जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर ने भी कार्यकर्ताओं से आपसी तालमेल के साथ तैयारियों में जुटने की अपील की। बैठक में जिला प्रभारी जवाहर यादव सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धान खरीद में करीब 32 लाख के घोटाले का आरोप



कुरुक्षेत्र। कराह साहिब खरीद केंद्र पर मौजूद किसान।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- पिहोवा, इस्माइलाबाद और कराह साहिब में दूसरे किसानों की जमीन पर धान बेचने की शिकायतें

जिले में धान की सरकारी खरीद के दौरान मेरी फसल-मेरा ब्योरा पोर्टल पर कथित फर्जी पंजीकरण और वेरिफिकेशन के जरिए धान बेचने का मामला सामने आया है। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) पिहोवा ने पिहोवा, इस्माइलाबाद और कराह साहिब में 32 लाख रुपये से अधिक के धान घोटाले का आरोप लगाया है। किसान संगठन का दावा है कि कुछ मामलों में दूसरे किसानों की जमीन के रिकॉर्ड पर धान की फसल दर्ज कराकर मंडियों में बिक्री दिखाई गई, जबकि संबंधित किसानों की फसल अब भी खेतों में खड़ी है। भाकियू के अनुसार, पिहोवा में एक महिला किसान सुनीता के नाम से दर्ज पंजीकरण में जोहड़, राइस मिल और मकान की छत जैसी जगहों पर धान की फसल दिखाकर वेरिफिकेशन कराने का आरोप है। संगठन ने सवाल उठाया कि ऐसी जगहों पर धान की फसल कैसे दिखाई गई और उसके आधार पर मंडी में बिक्री कैसे दर्ज हुई। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। भाकियू प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने आरोप लगाया कि इस्माइलाबाद मंडी में गुमथला और सारसा गांव के किसानों की जमीन का कथित तौर पर गलत इस्तेमाल कर करीब 30 लाख रुपये का धान बेचा गया। प्रगट सिंह मांगना, मनीष और जसनदीप सिंह ने मार्केट कमेटी के सचिव को शिकायत देकर सुच्चा, रीना देवी और अंश के खिलाफ उनकी जमीन पर गलत तरीके से पोर्टल पंजीकरण कराने के आरोप लगाए हैं। शिकायतकतार्ओं के मुताबिक, गेटपास की कुछ एंट्रियों के बीच करीब एक मिनट का अंतर होने का दावा करते हुए रिकॉर्ड की जांच की मांग की है। फिलहाल धान की खरीद पर रोक लगा दी गई है और संबंधित आढ़ती को नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा गया है।

# 15 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार, स्कूटी जब्त

- एएनसी की टीम ने सूचना के आधार पर की त्वरित कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक और बड़ी कार्रवाई की है। एंटी नारकोटिक्स सैल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 किलो 200 ग्राम गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त स्कूटी को भी जब्त कर लिया गया है। इस संबंध में थाना महेशनगर में एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक कमलजीत सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सैल को सूचना मिली थी कि अंकित उर्फ बिहारी नामक व्यक्ति मादक पदार्थ तस्करी का अवैध धंधा करता है। इसके बाद जांच टीम ने तुरंत जाल बिछाया। पुलिस टीम ने थाना महेशनगर क्षेत्र अंतर्गत सोनिया कॉलोनी, के पास घेराबंदी कर स्कूटी सवार आरोपी को धर दबोचा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 15 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान अंकित उर्फ बिहारी, निवासी गांव अकबरपुर, जिला



पूर्णिया (बिहार) हाल निवासी न्यू प्रीत नगर, नजदीक परशुराम मंदिर, खोजकीपुर के रुप में हुई है। पुलिस की शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी अंकित आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट से संबंधित कई मामले दर्ज हैं।

### डायरिया पीड़ित बच्चे की मौत पर हंगामा

पानीपत। पानीपत की देवी मूर्ति कॉलोनी स्थित रामा अस्पताल में बुधवार को नौ माह के डायरिया पीडित बच्चे रूद्राक्ष पुत्र अरूण निवासी बरसत रोड, पानीपत की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल के डॉ. दिनेश वशिष्ठ पर रूद्राक्ष के इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इधर, डॉ दिनेश वशिष्ठ ने बच्चे के उपचार में लापरवाही के आरोप को खारिज करते हुए कहा कि नौ माह के बच्चे को मंगलवार को उल्टी-दस्त की शिकायत के चलते अस्पताल लाया गया था। जांच के बाद बच्चे को दवा दी गई और परिजन बच्चे को अपने साथ घर ले गए। उन्होंने बताया कि बुधवार को जब परिजन बच्चे को लेकर दोबारा उनके अस्पताल पहुंचे, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉ दिनेश का आरोप है कि परिजनों ने समय रहते बच्चे का उपचार नहीं करवाया, परिजनों की लापरवाही से यह सब हुआ है। दूसरी ओर, थाना सिटी पुलिस ने बच्चे के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। वहीं, जांचाधिकारी नरेश ने बताया कि पुलिस बच्चे की मौत के मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से बच्चे की मौत के सही कारण पता चलेंगे और पुलिस आगे की कार्यवाही करेगी।

# दयाल सिंह कॉलेज के पास टी प्वाइंट पर पुलिसकर्मियों से मारपीट, केस दर्ज

**करनाल।** दयाल सिंह कॉलेज के पास टी-प्वाइंट पर दो युवतियों और एक युवक के बीच हो रही बहस शांत कराने पहुंचे होमगार्ड और विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने होमगार्ड मुकेश कुमार की शिकायत पर सेक्टर-6 निवासी आकाश के खिलाफ केस दर्ज किया है।

शिकायत के अनुसार, मंगलवार शाम करीब चार बजे ट्रैफिक ड्यूटी के दौरान होमगार्ड मुकेश कुमार ने रेहड़ी के पास दो युवतियों और एक युवक को बहस करते देखा। युवतियां युवक पर गलत इशारे करने का आरोप लगा रही थीं। बीच-बचाव करने पर युवक कथित तौर पर गाली-गलौज करने लगा। इसी दौरान डायल-112 बाइक पर तैनात एसपीओ रणधीर सिंह भी मौके पर पहुंचे।



आरोप है कि युवक ने रणधीर सिंह की नाक पर मुक्का मारा और होमगार्ड के सिर पर मोबाइल से वार किया। उसने दोनों पुलिसकर्मियों को जान से मारने की धमकी भी दी। दोनों पुलिसकर्मियों का मेडिकल करवाया गया। सिविल लाइन थाना प्रभारी विक्रांत कुमार के अनुसार, युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 121(1), 132 और 221 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गांव डाचर में शिलान्यास पत्थर तोड़ा, 27 लाख के सड़क निर्माण का उद्घाटन टला

**करनाल।** करनाल जिले के गांव डाचर में सरकारी सड़क निर्माण कार्य शुरू होने से पहले शिलान्यास पत्थर तोड़ने और उस पर काला पेंट करने का मामला सामने आया है। रुगसाना रोड से ढिल्लो फार्म तक रास्ता पक्का करने के लिए हरियाणा सरकार ने 27 लाख रुपये की राशि मंजूर की थी। पत्थर क्षतिग्रस्त होने के कारण 24 अक्टूबर को प्रस्तावित शिलान्यास और निर्माण कार्य शुरू करने का कार्यक्रम नहीं हो सका। ब्लॉक समिति निशिंग के चेयरमैन हर्षजोत गुरदेव गुराया ने 24 अक्टूबर को थाना निशिंग में शिकायत दी थी। आरोप है कि विचित्र सिंह और सोनू शर्मा ने शिलान्यास पत्थर तोड़कर उस पर काला पेंट कर दिया और उसे इधर-उधर कर दिया। शिकायत में कहा गया कि घटना से गांव के लोगों में रोष है और क्षेत्र में विवाद होने की आशंका है। चेयरमैन ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### मंत्री प्रतिनिधि व प्रशासन के आश्वास पर किसानों ने जिला सचिवालय पर खत्म किया आंदोलन

पानीपत। अपनी मांगों के समर्थन में जहां किसान रात भर जिला सचिवालय में धरने पर बैठे रहे, वहीं, किसानों की समस्याओं के समाधान और मंडियों में धान की उठान में तेजी लाने की मांग को लेकर किसानों का प्रतिनिधिमंडल ने जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. हरीश वशिष्ठ से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नाम मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए धान उठान से संबंधित मामलों पर तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित एजेंसियों के प्रतिनिधियों को फोन पर आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को किसी भी सूरत में



परेशानी नहीं होनी चाहिए। मंडियों में किसानों की फसल की खरीद और उठान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों और समस्याओं को गंभीरता से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के समक्ष रखा जाएगा।

### हादसे में एक साल के मासूम की दर्दनाक मौत, मां बुरी तरह जख्मी, चंडीगढ़ रेफर

**अंबाला।** जंडली पुल के पास देर रात एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक साल के मासूम आर्यन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां मोनिका की हालत नाजुक है। डेहा कॉलोनी (कैट) के राहुल जो कपड़े बेचने का काम करते हैं रात करीब 7:30 बजे अपनी पत्नी मोनिका और बेटे आर्यन के साथ बाइक से अंबाला सिटी के हरी पैलेस में एक जन्मदिन समारोह में गए थे। रात करीब 11:30 बजे लौटते समय जंडली पुल के पास वे एक तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गए। टक्कर के बाद मासूम आर्यन उछलकर हाईवे किनारे झाड़ियों में जा गिरा। राहगीरों ने तुरंत गंभीर रूप से घायल पति-पत्नी को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। बच्चे के लापता होने पर तलाश की गई तो उसका शव घटनास्थल के पास मिला। डॉक्टरों ने मोनिका की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया, जिसके बाद परिजन उन्हें आदेश अस्पताल ले गए। परिजनों के अनुसार, राहुल और मोनिका की शादी 2021 में हुई थी और आर्यन उनका दूसरा बच्चा था।

### सरकारी रिकॉर्ड में जिंदा इंसान को दिखाया मृत, पेंशन के लिए दर-दर भटक रहा दिव्यांग

**लाडवा।** सरकारी रिकॉर्ड में जिंदा इंसान को मृत घोषित कर दिया जाए तो उसकी जिंदगी किस मुश्किल में पड़ सकती है, इसका उदाहरण लाडवा के वार्ड नंबर 5 में सामने आया है। यहां रहने वाले दिव्यांग रामनंदन राय को फैमिली आई.डी. में मृत घोषित किए जाने के कारण पिछले करीब 5-6 महीने से दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है। पेंशन दोबारा शुरू करवाने के लिए वह पिछले कई महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर है, लेकिन उसकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। बुधवार को लाडवा में पत्रकारों को अपनी परेशानी बताते हुए रामनंदन राय ने कहा कि वह दिव्यांग है और उसकी एक बाजू कटी हुई है। इसके बावजूद वह रेहड़ी चलाकर मेहनत-मजदूरी करता है और इसी के सहारे अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। उसे पिछले करीब 5-6 वर्षों से दिव्यांग पेंशन मिल रही थी, लेकिन बीते 5-6 महीनों से अचानक पेंशन आनी बंद हो गई। जब वह पेंशन के संबंध में



जानकारी लेने संबंधित कार्यालय पहुंचा तो उसे पता चला कि फैमिली आई.डी. में उसे मृत घोषित किया हुआ है। इसी वजह से उसकी पेंशन बंद हो गई। यह जानकारी मिलने के बाद उसके सामने अपनी पहचान और खुद के जीवित होने का प्रमाण देने की समस्या खड़ी हो गई। उन्होंने बताया कि उसे बताया गया कि रिकॉर्ड में उसे दोबारा जिंदा दर्ज करवाने की प्रक्रिया में समय लगेगा। वहीं दूसरी ओर उसे अपनी बंद पेंशन शुरू करवाने के लिए भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। रामनंदन राय ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि फैमिली आई.डी. में दर्ज कथित गलती को जल्द ठीक करवाया जाए।

**49वीं वार्षिक कार्तिक कथा में दिखा श्रद्धा व भक्ति का अनूठा संगम**

# करवा चौथ पर्व में समाया पति-पत्नी के अटूट प्रेम और विश्वास का सार : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

सदर बाजार स्थित माता राम प्यारी बत्तरा दुर्गा मंदिर एवं उत्तम चन्द बत्तरा आयुर्वेदिक यूनानी औषधालय में चल रही 49वीं वार्षिक कार्तिक कथा में बुधवार को श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। धार्मिक आयोजन की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और हवन-यज्ञ से हुई। वैद्य देवेन्द्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, डॉ. गौरव बत्तरा और डॉ. मानव बत्तरा सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति में विधि-विधान से हवन किया गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां डालकर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य, शांति और विश्व कल्याण की कामना की। इसके बाद कार्तिक कथा के माध्यम से धार्मिक प्रसंगों और जीवन में भक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला गया। पंडित चेतन देव शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में व्रत और त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन में संस्कार, संयम और पारिवारिक रिश्तों के महत्व को समझने का



अवसर भी हैं। ऐसे पर्व परिवार में प्रेम और आपसी विश्वास को मजबूत करने के साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को धार्मिक आस्था के साथ सदाचार, सेवा और परोपकार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। कार्तिक कथा के दौरान पंडित शेखर शर्मा और सच्चिदानंद ने भगवान की महिमा का गुणगान किया।

### करवा चौथ के व्रत की महिमा का किया वर्णन

कथा के दौरान पंडित चेतन देव शर्मा ने इस पर्व से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं और पौराणिक प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि करवा चौथ पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास, समर्पण और पारिवारिक एकता का प्रतीक है। परंपरागत रूप से सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ व्रत रखती हैं। इस दिन भगवान गणेश, भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने तथा करवा चौथ की कथा सुनने की परंपरा है। रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद व्रत का पारण किया जाता है।

### हादसे में बाइक सवार युवक की गई जान

**मुलाना।** मिठापुर-समलेहड़ी मार्ग पर सुबह सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। वाहन ने युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक टौबा गांव का सुमित है। परिजनों के अनुसार, सुमित सुबह रोज की तरह ड्यूटी के लिए निकले थे। वह साहा के पास स्थित स्मृति हुंडई शोरूम में कार्यरत थे। रास्ते में मिठापुर और समलेहड़ी के बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया। सुमित अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले मुख्य सदस्य थे। जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि परिजनों की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

# करवाचौथ की पूर्व संध्या पर महिलाओं ने हाथों पर रचाई मेहंदी



यमुनानगर। बुधवार को करवाचौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी लगवातीं महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

**मेहंदी रचाने वालों ने जगह-जगह लगाए टेंट, उमड़ी महिलाओं की भीड़**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

करवाचौथ की पूर्व संध्या पर बुधवार को दिन भर बाजारों में महिलाओं की भीड़ रही। इस पर्व के लिए महिलाओं ने जहां जमकर खरीददारी की। वहीं, ट्विन सिटी समेत जिले के कस्बों व ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह बनाए गए अस्थाई स्टालों पर पहुंचकर महिलाओं ने अपने हाथों पर आकर्षक मेहंदी रचवाई। खास बात यह रही कि दिन भर ट्विन सिटी के बाजारों में महिलाओं की भीड़ रही।

बुधवार सुबह से ही छोटी दुकान हो या फिर हो बड़ा शो-रूम, हर तरफ महिलाओं की भीड़ दिखाई दे रही थी। इस दौरान या तो महिलाएं खरीददारी कर रही थी या फिर हाथों में मेहंदी लगवाने में मशगूल थी। वहीं, हर आम खास की पसंद को देखते हुए एक से बढ़कर एक मेहंदी के डिजाइन हाथों पर बनवाए जा रहे थे। जहां कुछ दुकानदारों ने मेहंदी लगाने के लिए मनचाहे दाम वसूले तो कई स्थानों पर दुकानदारों ने निःशुल्क मेहंदी लगवाने के लिए स्टाल सजा रखे थे। जहां पर लड़कियां विशेष रूप से मेहंदी लगाने के लिए बैठी हुई थी।

### निःशुल्क लगाई मेहंदी

करवाचौथ को लेकर जहां दुकानदारों ने मेहंदी लगाने के लिए महिलाओं से पैसे वसूले, वहीं कुछ स्थानों पर अस्थाई स्टाल लगाकर समाजसेविकाओं ने महिलाओं को निःशुल्क मेहंदी लगाई। शहर में बुटिक पार्लर चलाने वाली मनीषा ने बताया कि हर वर्ष करवाचौथ के मौके पर वह निःशुल्क स्टाल लगाकर महिलाओं को मेहंदी लगाने का कार्य करती हैं। पिछले सात सालों से वह इस तरह के स्टाल लगा रही हैं। उनका कहना है कि कई लोग इस दिन का फायदा उठाकर मनचाहे दाम वसूल रहे हैं। लेकिन वह इस दिन निःशुल्क स्टाल लगाकर महिलाओं को निःशुल्क मेहंदी लगाई।

### करवाचौथ को लेकर महिलाओं में उत्साह

शहर के कैंप निवासी बिमला, सुनीता, रजनी, मॉडल टाऊन निवासी सुरेशो, कांती, निशा व प्रीति आदि ने बताया कि उन्हें मेहंदी लगवाने का काफी शौक है। ऐसे में जहां तक हो सके वे कोशिश कर रही हैं अच्छे से अच्छा डिजाईन बनवा सकें। पहली बार करवाचौथ का व्रत रखने वाली मिनाक्षी व अन्नू ने बताया कि उनका पहला करवाचौथ है। इसलिए उनमें काफी क्रेज है। इसे अच्छे तरीके से मनाने के लिए वह काफी खरीददारी भी कर रही हैं।

## खबर संक्षेप



### म्यूजिकल पीलो स्पर्धा में कोमल वर्मा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

रादौर। महिलाओ की अंतराष्ट्रीय समाजसेवी संस्था इनरव्हील क्लब के तत्वावधान में कस्बा रादौर में करवाचौथ का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इनरव्हील क्लब की प्रधान परमजीत कौर व रोटरी क्लब वूमैन की प्रधान अनिता झांब ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर महिलाओं की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनरव्हील क्लब की प्रधान परमजीत कौर ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ पर महिला सदस्यों ने नाच गाकर करवाचौथ पर्व मनाया। इस दौरान आयोजित की गई म्यूजिकल पीलो प्रतियोगिता में कोमल वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, परमजीत कौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि तंबोला प्रतियोगिता में अनिता झांब प्रथम व पूजा माटिया द्वितीय स्थान पर रही। मौके पर रोटरी क्लब की प्रधान अनिता झांब ने कहा कि हमारे त्योहार हमें हमारी प्राचीन सभ्यता के दर्शन करवाते हैं। करवाचौथ का त्योहार अनेक खुशियां लेकर आता है। हमे सभी त्योहारो को मिलजूल कर मनाना चाहिए। इस अवसर पर कोमल वर्मा, अनिता झांब, पूजा माटिया, एमसी बेअंत कौर, नीलम वर्मा, पुष्पा मक्कड, नीलम मेहता, नीलम बंचल, साक्षी पुरूथी, लीला रोहिला, गीतिका जौहर, चारू सिंगला, नेहा अग्रवाल, ज्योति वर्मा, नीना जौहर, वीना चोपड़ा व भारती शर्मा आदि मौजूद रहे।



### शांति, सौहार्द और सुरक्षा के साथ मनाएं त्योहार: एसपी कमलदीप

यमुनानगर। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा त्योहारों के देखते हुए जिले भर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। त्योहारो के दौरान जिले में पुलिस की चप्पे चप्पे पर नजर रहेगी। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने पुलिस अधिकारियों को व थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में पुलिस की कड़ी सुरक्षा रखने के निर्देश दिए हैं। ताकि जिला के वासी सामाजिक समरसता के इन त्यौहारों को पूरे उत्साह और खुशी के साथ मना सकें। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि दीपावली से भैया दूज तक का समय सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील होता है। इस दौरान बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ती है और धार्मिक स्थलों पर भारी संख्या में श्रद्धालु जुटते हैं। खासकर महिलाएं और बुजुर्ग आभूषण व घरेलू सामग्री की खरीदारी के लिए बाजारों का रुख करते हैं। जिसे ध्यान में रखते हुए शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि जिले के मुख्य कस्बों व प्रवेश मार्गों पर चिन्हित नाके, चेकिंग पॉइंट्स, अंतरराज्तयीय नाके तथा अंतर जिला नाके स्थापित किए गए हैं। इन स्थानों पर प्रशिक्षित पुलिस बल तैनात रहेगा। जो संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की कड़ी जांच करेगा। नशे, हथियारों और आपराधिक तत्वों की आवाजाही पर रोक लगाने के लिए यह व्यवस्था बेहद कारगर सिद्ध होगी।

## अपने सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर रच रही साजिश

# कांग्रेस एसआईआर के नाम पर फैला रही भ्रम: कंवरपाल

**हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री ने भाजपा जिला कार्यालय में की प्रेसवार्ता, कांग्रेस पर बोला हमला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। भाजपा जिला कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि एसआइआर और चुनाव आयोग को लेकर देश भर में कांग्रेस अपनी सहयोगी पार्टियों के साथ मिलकर झूठा भ्रम फैला रही है। उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहे।

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में आज भाजपा चुनाव जीत रही है या छोटी रीजनल पार्टियां चुनाव जीत रही हैं। कांग्रेसी नेता अपनी चुनावी नाकामी छुपाने के लिए कभी वोट चोरी,कभी एसआइआर,कभी इवीएम और कभी केन्द्रीय चुनाव आयोग का बहाना बनाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। मगर देश की जनता कांग्रेस व उसकी सहयोगी पार्टियों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रमजाल को लेकर जागरुक है। उन्होंने कहा कि एसआइआर प्रकिया कोई चुपचाप होने वाली प्रक्रिया नहीं है। यह प्रक्रिया 20 लाख से ज्यादा बीएलओ के माध्यम से पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित की जा रही है। इसमें लगभग हर राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के बीएलए 2 भी शामिल होते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, जिला महामंत्री नरेन्द्र राणा,जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग व मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बिगाड़ रहे माहौल

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि जिन राज्यों में कांग्रेस की सरकारें हैं। वहां एसआईआर को लेकर वैसा विरोध नहीं किया जा रहा है जैसा दूसरे राज्यों में देखने को मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक माहौल बिगाड़ने व देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहा हैं। कंवरपाल गुर्जर ने नेहा बोरा और अभिजीत दीपके का नाम लेते हुए भी विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग देश को बांग्लादेश जैसे हालात की ओर ले जाना चाहते हैं। एसआईआर पर पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने कहा कि मतदाता सूची से जिन लोगों के नाम कटे हैं। उनके नाम दोबारा जुड़वाने का प्रावधान भी मौजूद है। अब देश की जागरूक जनता कांग्रेस पार्टी की असलियत समझ चुकी है। कंवरपाल ने कहा कि हमारा देश कांग्रेस मुक्त भारत की ओर बढ़ रहा है व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश पूरी तरह सुरक्षित हाथों में है।

# आस्था, परंपरा व भाईचारे का प्रतीक है श्रीकपालमोचन मेला : डॉ. सिंह

**श्रीकपालमोचन श्री आदिबद्री पवित्र तीर्थस्थल पर 20 से 24 नवंबर तक लगेगा मेला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। श्रीकपालमोचन मेले के लिए ऋण सरोवर में जल प्रवाहित करने के लिए पूजा अर्चना करते मेला प्रशासक एवं एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह व अन्य।

महर्षि वेद व्यास की कर्मस्थली व्यासपुर स्थित तीर्थराज कपाल मोचन में 20 से 24 नवंबर तक प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक अंतरराज्यीय श्री कपाल मोचन श्री आदि बद्री मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियों और धार्मिक परंपराओं के तहत मेला प्रशासक एवं उपमंडल अधिकारी (ना)व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह व विद्युत नियामक बोर्ड के चेयरमैन मुकेश गर्ग ने विधिवत पूजा अर्चना कर पवित्र ऋण मोचन सरोवर में जल प्रवाहित करवाया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे।

मेला प्रशासक एवं एसडीएम व्यासपुर डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि श्री कपाल मोचन मेला धार्मिक एवं ऐतिहासिक दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। इस मेले में हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पवित्र सरोवरों में स्नान करते हैं तथा पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

उन्होंने बताया कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और मेले से कई दिन पहले ही श्रद्धालुओं का कपाल मोचन पहुंचना शुरू हो जाते हैं। यह मेला धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न धार्मिक गतिविधियां भी आकर्षण का केंद्र रहती हैं। एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह ने कहा कि मेले के सफल आयोजन के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और वे शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में अपनी धार्मिक परंपराओं का निर्वहन कर सकें।

इस अवसर पर मार्केट कमेटी व्यासपुर के चेयरमैन विपिन सिंगला, सरपंच प्रतिनिधि पंकुश खुराना, श्री रविदास मंदिर से महंत निर्मल दास, भूषण गुर्जर, नायब तहसीलदार रविन्द्र कुमार, कुलदीप सिंह, पब्लिक हेल्थ से एसडीओ जफर इकबाल व ग्राम सचिव बलकार सिंह आदि मौजूद रहे।

### दीपावली पर रादौर में केवल ग्रीन क्रेकर्स के लिए जारी किए जाएंगे अस्थायी लाइसेंस: कुमार



रादौर। दीपावली पर्व के अवसर पर वायु गुणवता के मध्यनजर केवल ग्रीन क्रेकर्स आतिशबाजी, पटाखों की बिक्री के लिए रादौर में अस्थायी बूथ व अस्थायी लाइसैंस जारी किए जाएगें। उक्त जानकारी रादौर के उपमंडलाधीश नरेंद्र कुमार ने दी। उपमंडलाधीश नरेंद्र कुमार ने बताया कि दीपावली के शुभ अवसर पर वायु गुणवता के मध्यनजर केवल ग्रीन क्रेकर्स आतिशबाजी, पटाखों की बिक्री के लिए अस्थायी बूथ व अस्थायी लाइसैंस जारी किए जाएगें। उन्होंने बताया कि दीपावली के अवसर पर एक्सप्लोसिव रूल्स 2006 के नियम 84 एवं 88 के तहत निषेद आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार कोई भी व्यक्ति निश्चित किए गए निम्न स्थान के अतिरिक्त आतिशबाजी, पटाखों की बिक्री नहीं कर सकता है। उन्होंने बताया कि निर्धारित किए गए स्थान पर निश्चित किए गए स्टालों की संख्या के अनुसार ही 6 नवंबर से 8 नवंबर तक पटाखे विक्रय हेतु अस्थाई लाइसैंस उपमण्डलाधीश रादौर द्वारा जारी किए जाएंगे। उपमंडलाधीश नरेंद्र कुमार ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन 2 नवंबर दोपहर 12 बजे तक नगरपालिका रादौर के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। निश्चित स्टालों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर 4 नवंबर को ड्रॉ के माध्यम से परिणाम घोषित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि खेल परिसर नजदीक महाराणा प्रताप पार्क व रादौर का स्थान निश्चित किया गया है। जिसमें 15 स्टालें रखी गई हैं।

## न्यूज डायरी



### प्लेसमेंट ड्राइव में 246 विद्यार्थियों ने दिया साक्षात्कार

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में बी.टैक, बीसीए, बीबीए व एमबीए के विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। प्लेसमेंट ड्राइव में एलडीटी टेक्नोलॉजी प्राइवेट कंपनी द्वारा विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। संस्थान के प्रबंधक डॉ. एसके गर्ग ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी सुश्री दित्या मोंगा ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 246 विद्यार्थियों ने अपना साक्षात्कार दिया। इस दौरान कंपनी की ओर से एचआर ऑपरेशंस मैनेजर नताशा व उनकी टीम ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित किया तथा भर्ती प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी साझा की। इस अवसर पर संस्थान के प्रबंधक डॉ. एसके गर्ग ने कंपनी के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया व विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### विद्यार्थी अनुचित व्यवहार के प्रति रहें सतर्क: गुलाटी

यमुनानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के तहत बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुंदियाना व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शादीपुर पॉक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। जागरुकता शिविर में मुख्य वक्ता के रुप में बाल कल्याण समिति सदस्य सुशील गुलाटी व समिति की सदस्य मोनिका ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य सुशील गुलाटी ने शादीपुर राजकीय स्कूल में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों, बच्चों के विरुद्ध होने वाले यौन अपराधों की रोकथाम तथा बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी। वहीं, गुंदियाना राजकीय स्कूल में आयोजित जागरुकता शिविर में दूसरी मुख्य वक्ता मोनिका ने विद्यार्थियों को पॉक्सो एक्ट एवं किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान जीएसएसएस शादिपुर के प्राचार्य रविंदर कुमार व गुंदियाना के कार्यवाहक प्राचार्य सतीश सैनी और हिंदी प्रवक्ता देशराज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### रीसाइक्लिंग से ई.वेस्ट से बनाएं नई वस्तुएं: रोहिला

रादौर। पीएम श्री राजकीय स्कूल चमरोडी में बुधवार को ई.वेस्ट विषय पर असेंबली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में एनएसएस प्रवक्ता पवन रोहिला ने भाग लिया। मौके पर ई.वेस्ट विषय पर क्विज प्रतियोगिता भी आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एवं एनएनएस प्रवक्ता पवन रोहिया ने बताया कि ई.वेस्ट से अभिप्राय बेकार फोन, मोबाइल, घरेलू उपकरण, ट्यूबलाइट व एलईडी आदि सामान से है। हमें इनका सही तरीके से निवारण करना चाहिए। रीसाइक्लिंग पुनः चक्रण के द्वारा ई.वेस्ट से नई वस्तुओं का निर्माण होता है। इससे प्रदूषण से संबंधित समस्या से भी बचा जा सकता है। इस विषय पर नौंवी व 12वीं के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र नीरज कुमार प्रथम, देवांशु द्वित्तीय व परविंदर कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्राचार्या इंदिरा देवी ने बच्चों को बधाई दी व ई वेस्ट पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर विपिन कुमार, संत कुमार, राजेंद्र कुमार, जसविंदर सिंह,नीरजए निर्मल, सतीश, प्रवीन, रेखा, रूबी, आयुषी, प्रदीप व सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



### हर नागरिक को हो कानूनी अधिकारों की जानकारी

यमुनानगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुरक्षित बचपन अभियान योजना के तहत जिला के स्कूलों में कानूनी जागरुकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्गत शहर के राजकीय स्कूल में कानूनी जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक नागरिक को अपने कानूनी अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। ताकि कोई भी व्यक्ति जानकारी के अभाव में न्याय से वंचित न रहे।

### दो चरण में होगा सांसद खेल महोत्सव: उपायुक्त



यमुनानगर। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन जिले में दो चरणों में किया जाएगा। जिसमें पहले चरण में 1 नवंबर से 20 नवंबर तक खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वहीं, दूसरे चरण में 7 दिसंबर से 20 दिसंबर तक खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि इस सांसद खेल महोत्सव में 10 खेल विधाओं की प्रतियोगिताएं विधानसभा क्षेत्र एवं संसदीय क्षेत्र स्तर पर आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिला के रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव जो कि उपमण्डल जगाधरी तथा रादौर अधीनस्थ क्षेत्र में वर्ष 2026 सांसद खेल महोत्सव 2.0 के सफल आयोजन के लिए उपमण्डल अधिकारी(ना)रादौर व जगाधरी को अपने अपने उपमण्डल क्षेत्र के लिए ओवर ऑल इन्चार्ज नियुक्त किया गया है। वह संबंधित विभागों, पंचायती राज संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थानों, खेल विभाग तथा अन्य संबंधित पक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर महोत्सव में अधिकतम सहभागिता एवं प्रतियोगिताओं का सुचारू आयोजन सुनिश्चित करेंगे।

## लघु सचिवालय में रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने दिए निर्देश

# विभाग मिलकर लगाएं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश : आहूजा

**मैन, मशीन और मैनेजमेंट थ्योरी पर काम कर स्थिति में लाएं बदलाव**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। लघु सचिवालय में जिला स्तरीय रो सेफ्टी कमेटी की बैठक में दिशा निर्देश देते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा। फोटो : हरिभूमि

जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में जिलास्तरीय रोड़ सेफ्टी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को सड़क सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि मार्गों पर जो संकेत चिन्ह लगाए जाते हैं। उनको ऐसे स्थान पर लगाया जाए जहां से आने जाने वाले व्यक्तियों को आसानी से देखा जा सके। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। उन्होंने बताया कि रीजनल ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी ने गत सितंबर माह में लगभग 239 वाहनों से 87 लाख 25 हजार रुपये व पुलिस विभाग द्वारा चालू माह में बिना हैल्मेट, बिना सीट बैल्ट, तेज गति, मोबाइल का प्रयोग करते समय वाहन चालने, ओवर लोडिंग वाहनों आदि 10 हजार 568 वाहनों के लगभग 1 करोड़ 94 लाख रूपये की राशि के चालान किए गए। अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने कहा कि रोड सेफ्टी से संबंधित प्रशासन के विभागों के अधिकारियों का दायित्व बनता है कि मैन, मशीन और मैनेजमैंट थ्योरी पर कार्य करें। ताकि किसी भी त्रुटि से होने वाली दुर्घटना से बचा जा सकें।

### उच्च क्वालिटी के कैमरे लगवाएं

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने नेशनल हाईवे विभाग के अधिकारियों से कहा कि वह रोड़ पर उच्च क्वालिटी के कैमरे लगाना सुनिश्चित करें। ताकि आने जाने वाले वाहनों की गति पर भी नजर रखी जा सके। उन्होंने एसडीएम रादौर के आदेशों की अवहेलना और सुरक्षित वाहन पॉलिस के तहत स्कूलों की बसों की चैकिंग करने में असमर्थता जताने पर आरटीए विभाग के अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल बसों की चैकिग करते समय स्कूल बस के चालक का वैध ड्राईविंग लाईसैंस व नियुक्ति पत्र भी अवश्य चैक करने के साथ साथ स्कूल बसों में वाहन पॉलिसी के अन्य नियमों के बारे भी विस्तार से जांच करें।

### दुर्घटना वाले संभावित स्थानों की करें पहचान

अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने अधिकारियों से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए दुर्घटना संभावित स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य करवाए जाएं। सड़कों पर यातायात संकेतक, स्पीड ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, रोड मार्किंग तथा स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था को दुरुस्त रखा जाए। इस अवसर पर एएसपी आशीष चौधरी, व्यासपुर के एसडीएम डॉ. कुलदीप सिंह, छछरौली के एसडीएम जसपाल सिंह गिल, रादौर के एसडीएम नरेन्द्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता व जिला परिवहन अधिकारी हैरतजीत कौर आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप




### श्रीमद्भगवद्गीता विद्यालय में लगाया शिविर

**थानेसर।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन उत्साह एवं सेवा भावना के साथ किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वयंसेवकों के परिचय के साथ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी पुनीत डोडा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, उद्देश्यों एवं महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

### जनता की सुरक्षा के लिए किए पुख्ता प्रबंध : राजीव

**लाडवा।** लाडवा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने कहा कि त्यौहारों के सीजन में आमजन भी सतर्क रहे। वैसे तो जनता की सेवा व सुरक्षा के लिए पुलिस ने लाडवा में पुख्ता प्रबंध किए गए है। क्षेत्र में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है। इस त्यौहार के दौरान पुलिस ने नशा बेचने, जुआ खेलने, हुडदंगबाजी करने वाले व शरारती तत्वों पर नकेल कसने के लिए पुलिस पुरी तरह से मुस्तैद है। सिविल वर्दी में भी पुलिस बाजारों में तैनात रहेंगी। लाडवा थानाध्यक्ष राजीव कुमार लाडवा पुलिस थाना में पत्रकारों को जानकारी दे रहे थे।

### जाहरवीर गोगा जी के गूंजे जयकारे



**कुरुक्षेत्र।** खंड के गांव बजीदपुर स्थित गोरखनाथ गुरु गद्दी के प्रांगण में श्री गोगा जाहर पीर का भव्य वार्षिक जागरण एवं विशाल भंडारा श्रद्धा व धूमधाम से आयोजित किया गया। जागरण में देर रात तक चले भजनों और जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम में आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना और जोत प्रचंड के साथ हुआ। इसके बाद विशेष रूप से आमंत्रित भजन गायक संजय, प्रिंस एंड पार्टी पंजोखरा ने मंच संभाला।

### विद्यार्थियों को बाल संरक्षण कानूनों बारे किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव मिस नीतिका भारद्वाज के दिशा-निर्देशानुसार राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत पैन इंडिया विद्यालय जागरूकता अभियान के तहत बच्चों के लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम, 2012 के प्रावधानों एवं प्रभावों के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

## मेहंदी लगवाने के लिए दिखा उत्साह, कॉस्मेटिक और कपड़ों की दुकानों पर भीड़

# करवा चौथ की पूर्व संध्या पर बाजारों में रही रौनक, महिलाओं ने जमकर की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

करवा चौथ के पर्व को लेकर शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिली। पर्व की पूर्व संध्या पर बुधवार को महिलाओं ने जमकर खरीदारी की। बाजारों में सुबह से ही महिलाओं की आवाजाही बढ़ने लगी थी। चूड़ियों, श्रृंगार के सामान, कॉस्मेटिक और कपड़ों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ रही। त्योहार को लेकर दुकानदारों में भी अच्छा कारोबार होने की उम्मीद नजर आई। करवा चौथ के अवसर पर सजने-संवरने के लिए महिलाओं ने अपनी पसंद के कपड़े, आभूषण और श्रृंगार का सामान खरीदा। साड़ियों, सूटों और अन्य पारंपरिक परिधानों की दुकानों पर महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। वहीं, कॉस्मेटिक की दुकानों पर भी मेकअप और सौंदर्य प्रसाधनों की खरीदारी के लिए महिलाएं पहुंचीं। पर्व को लेकर मेहंदी लगवाने का उत्साह भी दिखाई दिया। बाजारों में मेहंदी लगाने वालों के पास महिलाओं की भीड़ रही। कई महिलाएं हाथों पर आकर्षक मेहंदी डिजाइन बनवाने के लिए पहुंचीं। करवा चौथ पर मेहंदी को सुहाग और श्रृंगार का खास हिस्सा माना जाता है, ऐसे में महिलाओं में इसे लेकर खास उत्साह रहा। बाजारों में बढ़ी चहल-पहल के चलते दुकानदार भी ग्राहकों को आकर्षित करने में जुटे रहे। पर्व की तैयारियों के बीच बाजारों का माहौल उत्सवमय नजर आया। महिलाओं ने व्रत से जुड़ी तैयारियों के लिए जरूरी सामान की खरीदारी की और त्योहार को लेकर उत्साह दिखाया।



**कुरुक्षेत्र।** कॉस्मेटिक शॉप पर खरीदारी करती महिलाएं।

### करवाचौथ भारतीय संस्कृति में दांपत्य प्रेम, संकल्प और पारिवारिक मंगल का पर्व : डॉ. सुरेश मिश्रा



**कुरुक्षेत्र।** हार्मनी ऑकल्ट वास्तु जोन, पिपली के अध्यक्ष तथा श्री दुर्गा देवी मन्दिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश, ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु आचार्य डॉ. सुरेश मिश्रा के अनुसार करवाचौथ भारतीय सनातन परंपरा का एक विशिष्ट पर्व है, जो दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास, समर्पण और पारिवारिक मंगल की भावना को अभिव्यक्त करता है। कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाने वाला यह पर्व विशेष रूप से उत्तर भारत में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाता है। करवाचौथ का पर्व गुरुवार, 29 अक्टूबर 2026 को मनाया जाएगा। भारतीय संस्कृति में व्रत का अर्थ केवल भोजन का त्याग करना नहीं, बल्कि मन, वाणी और व्यवहार में अनुशासन लाना भी है। करवाचौथ इसी संकल्प भावना का प्रतीक है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य और परिवार के सुख-समृद्ध जीवन की कामना करते हुए व्रत रखती हैं। करवाचौथ की पूजा में भगवान शिव, माता पार्वती, भगवान गणेश और चंद्रदेव का स्मरण किया जाता है। अनेक परिवारों में इस अवसर पर करवाचौथ की पारंपरिक कथा सुनी और सुनाई जाती है।

### सुहागिनें आज पति की लंबी उम्र के लिए करेंगी कामना



**पिहोवा।** करवा चौथ पर्व को लेकर धर्मनगरी पिहोवा में महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आज वीरवार को सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ निर्जला व्रत रखेंगी। पर्व को लेकर महिलाएं पहले से ही तैयारियों में जुटी हुई हैं। पर्व की पूर्व संध्या पर बाजारों में दिनभर चहल-पहल बनी रही। महिलाओं ने साड़ियों, सूट, चूड़ियों, मेहंदी, श्रृंगार के सामान और पूजन सामग्री की जमकर खरीदारी की। महिलाएं पूजा की थाली सजाने और व्रत से जुड़ी अन्य आवश्यक सामग्री जुटाने में व्यस्त नजर आईं। हाथों पर मेहंदी लगवाने और रंग-बिरंगी चूड़ियां खरीदने को लेकर भी खासा उत्साह रहा। करवा चौथ को लेकर नवविवाहिताओं में विशेष उमंग देखने को मिल रही है। महिलाएं पर्व को खास बनाने के लिए अपनी तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहतीं। बाजारों में अच्छी चहल-पहल रहने से दुकानदार भी उत्साहित नजर आए। करवा चौथ भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा पर्व है। आज सुहागिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना करेंगी।

## 1 से 4 नवंबर तक कुवि में सजेगा हरियाणवी संस्कृति का महाकुंभ

**पारंपरिक कलाओं से गूंजेगा रत्नावली का मंच**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से हरियाणा दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का आयोजन 1 से 4 नवंबर 2026 तक किया जाएगा जिसका शुभारंभ भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा किया जाएगा। चार दिवसीय यह समारोह हरियाणवी लोक संस्कृति, कला, संगीत, नृत्य, नाट्य एवं पारंपरिक विरासत को समर्पित होगा। समारोह के माध्यम से प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को युवा पीढ़ी से जोड़ने और कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया जाएगा। समारोह का उद्घाटन 1 नवंबर को प्रातः 10 बजे तथा समापन समारोह 4 नवंबर को सायं 3.30 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रमों का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रमुख स्थलों, जिनमें श्रीमद्भगवद्गीता सदन, आर.के. सदन, ओपन एयर थिएटर, सीनेट हॉल, खुला मंच तथा क्रश हॉल शामिल हैं, में किया जाएगा। कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु सहित हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी समारोह से जुड़े प्रमुख अतिथियों में शामिल हैं।

### कार्यक्रम में ये होंगे शामिल

समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल के संस्थापक कुलपति डॉ. राज नेहरू, पूर्व न्यायाधीश व मानवाधिकार आयोग हरियाणा के अध्यक्ष जस्टिस ललित बत्रा तथा मुख्यमंत्री हरियाणा के विशेष कर्तव्य अधिकारी भारत भूषण भारती, प्रो. दिनेश कुमार, कुलपति, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल, प्रो. सुदेश छिकारा, कुलपति, भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत), प्रो. करतार सिंह धीमान, कुलपति, श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र, प्रो. के.सी. शर्मा, अध्यक्ष, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, प्रो. दीप्ति धमार्णी, कुलपति सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रहेगी।

## 145 विद्यार्थियों के दांतों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

- सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में लगा स्वास्थ्य शिविर

सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शाहाबाद मारकंडा में सतलुज स्कूल, रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा एवं इनर व्हील क्लब द्वारा संयुक्त रूप से डेंटल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य बच्चों के दांतों के स्वास्थ्य की जांच करना तथा उन्हें मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कैंप में दंत चिकित्सक डॉ. उमेश गुप्ता एवं डॉ. संगीता गुप्ता ने विद्यालय के 145 विद्यार्थियों के दांतों की जांच की और उन्हें दांतों की उचित देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने दांतों की जांच करवाई। डॉ. उमेश गुप्ता ने बच्चों को बताया कि दांतों की नियमित जांच करवाना अत्यंत आवश्यक है। बचपन से ही दांतों की स्वच्छता का ध्यान रखने से कई प्रकार की दंत समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने, खाने के बाद मुंह की सफाई रखने तथा नियमित रूप से दंत चिकित्सक से जांच करवाने की सलाह दी।




### वोट बचाओ, देश बचाओ महारैली होगी ऐतिहासिकः बवेजा



**कुरुक्षेत्र।** जिला किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली वोट बचाओ, देश बचाओ महा रैली ऐतिहासिक होगी। कांग्रेस और विपक्षी इंडिया गठबंधन के आह्वान पर होने वाली इस रैली में देशभर से लाखों लोगों के जुटने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से बर्खास्त करने और भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने की मांग को बुलंद किया जाएगा।

## 5-6 को रोडवेज के चक्का जाम का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 5 और 6 नवंबर को प्रदेशभर में दो दिवसीय चक्का जाम करने का ऐलान किया है। हड़ताल को सफल बनाने के लिए बुधवार को कुरुक्षेत्र के नए बस स्टैंड पर कर्मचारियों ने गेट मीटिंग कर सरकार के खिलाफ रोष जताया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि 4 नवंबर तक सरकार ने बातचीत कर उनकी मांगों का समाधान नहीं किया तो दोनों दिन बसों का चक्का जाम किया जाएगा।कर्मचारी नेता मायाराम ने कहा कि कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उनकी मांगों और पूर्व में किए गए वादों पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है। इसी के विरोध में प्रदेशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया है।



### निजीकरण की योजना का विरोध

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में 100 किलोमीटर स्कीम के तहत निजी बसों को शामिल करने और निजी परमिट जारी करने की योजना का विरोध शामिल है। उनका कहना है कि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में निजी बसों को बढ़ावा देने से रोडवेज कर्मचारियों के हित प्रभावित हो सकते हैं। इसके अलावा कर्मचारियों ने बकाया बोनस का भुगतान करने और चालकों, परिचालकों तथा वर्कशॉप स्टाफ के रिक्त पदों पर नई भर्ती करने की मांग उठाई।

### राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यायल में राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026-27 का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले में आज खंड संसाधन केंद्र थानेसर नजदीक राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में 32 वीं जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के तत्वावधान में इंडियन रिसोर्स एंड डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के सहयोग से किया गया। डीपीसी श्री कृष्ण कुमार जी ने राज्य स्तर के लिए चयनित टीम और मूल्यांकनकर्ताओं को सम्मानित किया।* बच्चों ने स्थतता के लिए विज्ञान में नवाचार विषय के अंतर्गत अपने शोध-आधारित प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। चयनित टीमें 27-28 नवंबर 2026 को कुरुक्षेत्र में होने वाली राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस अवसर पर ए पी सी श्रीमती कृष्णा, ए पी सी श्री क्रांति चावला, ए पी सी श्री राजेश भारद्वाज जी उपस्थित रहे। श्री दिग्विजय ,श्री रघुवीर ,श्री दिनेश,श्रीमती रेखा रानी,श्रीमती कविता ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन बखूबी किया। जिला समन्वयक सुनीता सैनी ने कार्यक्रम संचालन और जिला शैक्षणिक समन्वयक श्रीमती सविता खरब ने उपरोक्त कार्यक्रम में संबंधित व्यवस्थाओं को संचालित किया। इस प्रतियोगिता में अग्रसेन पब्लिक स्कूल, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मिर्जापुर,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनिपला,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बारना,राजकीय माध्यमिक विद्यालय,रत्गल, दयालपुर सहित लगभग 31 टीमों ने भाग लिया।

## गोताखोर प्रगट सिंह की चारों बेटियों की शिक्षा का संबल बने सांसद नवीन जिन्दल

- नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृति योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जरूरतमंद एवं मेधावी विद्यार्थियों की शिक्षा को निरंतर जारी रखने के उद्देश्य से सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर गोताखोर प्रगट सिंह की चारों बेटियों को नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह द्वारा जिन्दल हाउस में उनकी स्कूली फीस की किस्त का चेक प्रगट सिंह को सौंपा गया। इस सहयोग से उनकी चारों बेटियों की शिक्षा को सुचारु रूप से जारी रखने में मदद मिलेगी। संसदीय कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रगट सिंह ने सांसद नवीन जिन्दल से मुलाकात कर अपने समाजसेवा के कार्यों के बारे में जानकारी दी थी। इस दौरान उन्होंने अपनी चारों बेटियों की पढ़ाई पूरी करवाने के लिए आर्थिक सहयोग का अनुरोध भी किया था। सांसद नवीन जिन्दल ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए चारों बेटियों का नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत पंजीकरण करवाया, जिसके बाद उनकी स्कूली फीस के लिए चेक प्रदान किया गया। धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल शिक्षा को समाज की प्रगति का महत्वपूर्ण आधार मानते हैं। उनका प्रयास है कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण किसी भी बच्चे की पढ़ाई बाधित न हो और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को बेहतर भविष्य बनाने के अवसर मिलें।



**कुरुक्षेत्र।** गोताखोर प्रगट सिंह को चैक सौंपते सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह।

### 1 को दिल्ली में होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली ऐतिहासिक होगी : सुनील राणा



**कुरुक्षेत्र।** ब्लॉक अध्यक्ष थानेसर ग्रामीण कांग्रेस नेता सुनील राणा सन्नी ने कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली इंडिया गठबंधन की महारैली ऐतिहासिक होगी। इसी को लेकर कल शाम 4 बजे पंजाबी धर्मशाला में कार्यकर्ताओं की मीटिंग होगी जिसकी अध्यक्षता श्री अशोक अरोड़ा जी करेंगे महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और आमजन में भारी उत्साह है। उन्होंने कहा कि रैली में थानेसर ग्रामीण क्षेत्र सहित जिलेभर से पूर्व मंत्री व थानेसर से विधायक अशोक अरोड़ा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक भाग लेंगे। सुनील राणा ने कहा कि आज देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं, युवाओं के भविष्य और आम आदमी से जुड़े अनेक मुद्दों को लेकर चिंतित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए जा रहे वोट चोरी के आरोप और चुनावी पारदर्शिता से जुड़े सवाल भी लोकतंत्र के लिए गंभीर विषय हैं। इन मुद्दों पर निष्पक्ष जांच और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। सुनील राणा सन्नी ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, व्यापारी, कर्मचारी और युवा वर्ग परेशान हैं। बढ़ती महंगाई ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है, जबकि बेरोजगारी के कारण युवाओं में निराशा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के अधिकारों और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रही है।

**कार्यालय नायब तहसीलदार कम-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, पिहोवा**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण निर्मल सिंह पुत्र विरसा सिंह वगैरा ने अपनी भूमि गांव छज्जुपुर, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र केस अनुमान निर्मल सिंह वगैरा बनाम कर्मपाल सिंह पुत्र हरदीप सिंह वगैरा खेवट नं० 13 जमाबन्दी साल 2023-24 की तकसीम करवाने के लिये मुकदमा दायर किया हुआ है। यदि उक्त तकसीम करने बारे किसी भी उत्तरवादीगण कर्मपाल सिंह पुत्र हरदीप सिंह वगैरा को अपना पक्ष रखना हो तो इस केस की अगामी तिथि 23.11.2026 निश्चित की गई है, नियत तिथि को न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कम नायब तहसीलदार पिहोवा में आकर अपना पक्ष रख सकते है। बाद गुजरने मियाद नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी।
**क्रमांक-1404 सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी**
**दिनांक - 23/10/26 पिहोवा**

**कार्यालय नायब तहसीलदार कम-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, पिहोवा**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण मनजीत कौर पुत्री जगीर सिंह वगैरा ने अपनी भूमि गांव छज्जुपुर, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र केस अनुमान मनजीत कौर वगैरा बनाम गुरदीप सिंह पुत्र गुरबचन सिंह वगैरा खेवट नं0. 12 जमाबन्दी साल 2023-24 की तकसीम करवाने के लिये मुकदमा दायर किया हुआ है। यदि उक्त तकसीम करने बारे किसी भी उत्तरवादीगण गुरदीप सिंह पुत्र गुरबचन सिंह वगैरा को अपना पक्ष रखना हो तो इस केस की आगामी तिथि 23.11.2026 निश्चित की गई है, नियत तिथि को न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कम नायब तहसीलदार पिहोवा में आकर अपना पक्ष रख सकते है। बाद गुजरने मियाद नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी।
**क्रमांक-1403 सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी**
**दिनांक - 23/10/26 पिहोवा**

**कार्यालय नायब तहसीलदार कम-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, पिहोवा**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण सुखा सिंह पुत्र जगीर सिंह वगैरा ने अपनी भूमि गांव छज्जुपुर, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र केस अनुमान सुखा सिंह वगैरा बनाम विक्रमजीत सिंह पुत्र श्री ज्ञान सिंह वगैरा खेवट नं० 10 जमाबन्दी साल 2023-24 की तकसीम करवाने के लिये मुकदमा दायर किया हुआ है। यदि उक्त तकसीम करने बारे किसी भी उत्तरवादीगण विक्रमजीत सिंह पुत्र ज्ञान सिंह वगैरा को अपना पक्ष रखना हो तो इस केस की आगामी तिथि 23.11.2026 निश्चित की गई है, नियत तिथि को न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कम नायब तहसीलदार पिहोवा में आकर अपना पक्ष रख सकते है। बाद गुजरने मियाद नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी।
**क्रमांक -1401 सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी**
**दिनांक - 23/10/26 पिहोवा**

**कार्यालय नायब तहसीलदार कम-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, पिहोवा**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण रघबीर सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह वगैरा ने अपनी भूमि गांव छज्जुपुर, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र केस अनुमान रघबीर सिंह वगैरा बनाम गुरसन्त सिंह पुत्र ज्ञान सिंह वगैरा खेवट नं० 11 जमाबन्दी साल 2023-24 की तकसीम करवाने के लिये मुकदमा दायर किया हुआ है। यदि उक्त तकसीम करने बारे किसी भी उत्तरवादीगण गुरसन्त सिंह पुत्र ज्ञान सिंह वगैरा को अपना पक्ष रखना हो तो इस केस की आगामी तिथि 23.11.2026 निश्चित की गई है, नियत तिथि को न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कम नायब तहसीलदार पिहोवा में आकर अपना पक्ष रख सकते है। बाद गुजरने मियाद नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी।
**क्रमांक-1402 सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी**
**दिनांक - 23/10/26 पिहोवा**

**कार्यालय नायब तहसीलदार कम-सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी, पिहोवा**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण साहब सिंह पुत्र इकबाल सिंह वगैरा ने अपनी भूमि गांव छज्जुपुर, तहसील पिहोवा, जिला कुरुक्षेत्र केस अनुमान साहब सिंह बनाम सुखदेव सिंह पुत्र इकबाल सिंह वगैरा खेवट नं० 9 जमाबन्दी साल 2023-24 की तकसीम करवाने के लिये मुकदमा दायर किया हुआ है। यदि उक्त तकसीम करने बारे किसी भी उत्तरवादीगण सुखदेव सिंह पुत्र इकबाल सिंह वगैरा को अपना पक्ष रखना हो तो इस केस की आगामी तिथि 23.11.2026 निश्चित की गई है, नियत तिथि को न्यायालय सहायक कलैक्टर द्वितीय श्रेणी कम नायब तहसीलदार पिहोवा में आकर अपना पक्ष रख सकते है। बाद गुजरने मियाद नियमानुसार कार्यवाही अमल मे लाई जावेगी।
**क्रमांक-1400 सहायक कलैक्टर, द्वितीय श्रेणी**
**दिनांक - 23/10/26 पिहोवा**

**कार्यक्रम** हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री कुरुक्षेत्र चैप्टर और केयू के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

# शिक्षा और उद्योग के बीच मजबूत होगा समन्वय विद्यार्थियों को मिलेंगे रोजगार के नए अवसर

इंटर्नशिप तथा कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शिक्षा और उद्योग जगत के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास और रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एचसीसीआई) के कुरुक्षेत्र चैप्टर और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस पहल से विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक कार्यप्रणाली से परिचित करवाने और उन्हें भविष्य की व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर एचसीसीआई कुरुक्षेत्र चैप्टर के चेयरमैन डॉ. नरिंदर पाल गुप्ता, महासचिव डॉ. वीरेंद्र सिंघल, उपाध्यक्ष राजेश सिंगला तथा वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य एवं सैन्सन्स पेपर मिल के निदेशक हरि कृष्ण उपस्थित रहे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा तथा कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। समझौते के अंतर्गत विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के सहयोग से संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, विशेषज्ञ व्याख्यानों, औद्योगिक भ्रमण, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, इंटर्नशिप तथा कौशल विकास से जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों को उद्योगों की आवश्यकताओं से अवगत करवाने, रोजगार संबंधी गतिविधियों को सहयोग देने तथा शैक्षणिक पाठ्यक्रमों और औद्योगिक जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे।



### युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में मिलेगी मदद

कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें व्यावहारिक अनुभव, आधुनिक तकनीकी समझ और रोजगार के लिए आवश्यक कौशल से भी सुसज्जित करना है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कुलसचिव प्रो. वीरेंद्र पाल ने कहा कि विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के बीच नियमित संवाद तथा संयुक्त गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। इस समझौते से विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, औद्योगिक अनुभव और व्यावसायिक मार्गदर्शन के बेहतर अवसर मिल सकेंगे। महासचिव डॉ. वीरेंद्र सिंघल ने कहा कि इस समझौते का उद्देश्य केवल औपचारिकता तक सीमित रहना नहीं, बल्कि इसे व्यावहारिक गतिविधियों और सार्थक परिणामों में बदलना है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल के निदेशक डॉ. मोहिंदर सिंह, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयोजक डॉ. राकेश, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश , डीन रिसर्चेज डॉ. राजेंद्र शर्मा एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# अंबाला छावनी के कई वार्डों में विकास के लिए पांच करोड़ जारी

**वार्डों में गलियां, नालियां, स्ट्रॉम वॉटर लाइन, शौचालयों की चार दीवारियां बनेंगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

**मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत वार्डों में गलियां, नालियां व अन्य निर्माण कार्य होंगे**

### नगर परिषद अधिकारियों को दिए विकास संबंधी निर्देश

विज ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत वार्डों में कार्य होंगे जिसके लिए राज्य सरकार द्वारा राशि जारी कर दी गई है । उन्होंने नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस राशि से होने वाले विकास कार्यों को जल्द प्रारंभ कराया जाए ताकि जनता को इनका लाभ मिल सके। उन्होंने निर्माण गुणवत्ता पूर्वक किए जाए तथा नगर पार्षद इन कार्यों पर निगरानी भी रखें। गौरतलब है कि इससे पहले भी नगर परिषद के सभी वार्डों में ऊर्जा मंत्री अनिल विज के प्रयासों से एक-एक करोड़ रुपए की राशि से विकास कार्यों को मंजूर किया जा चुका है।

### पांच करोड़ की राशि से इन वार्डों में होंगे कार्य

वार्ड नंबर 4 में 13.70 लाख रुपए की लागत से सिंचाई विभाग के नाले से पासी करियाना स्टोर तक व दलीपगढ़ में नालियां व गली का निर्माण। वार्ड चार में ही 12 लाख की लागत से गुरू नानक जनरल स्टोर से पापड़ वाली गली तक नाली का निर्माण। वार्ड नंबर 12 में 14.40 लाख की लागत से योगड़ा आश्रम से शनि देव मंदिर तक गली का निर्माण, इसी वार्ड में सुंदर नगर में गली का निर्माण किया जाएगा। वार्ड नंबर 9 में 25 लाख की लागत से महेशनगर में टेंडर हार्ट स्कूल के पानी नाली का निर्माण किया जाएगा।

### यहां भी होगा निर्माण

वार्ड नंबर 10 में 20.50 लाख की लागत से अजीत नगर, अशोक नगर, गोल्डन पार्क, न्यू लक्की नगर में नालियों का निर्माण किया जाएगा। वार्ड नंबर 19 में 24 लाख रुपए की लागत से बीडी फ्लोर मील के निकट नालियों व गली का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 7 में 20.50 लाख रुपए की लागत से वशिष्ठ नगर में नालियों का निर्माण होगा।

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला छावनी नगर परिषद के अलग-अलग वार्डों में पांच करोड़ रुपए की राशि से विभिन्न विकास कार्य होंगे जिनसे जनता को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस राशि से वार्डों में गलियां, नालियां, स्ट्रॉम वॉटर लाइन, शौचालयों की चार दीवारी, ओपन जिम एवं अन्य जनहित के कार्य होंगे। वार्ड नंबर 3 में 11.70 लाख की लागत से सूर्य नगर में गली का निर्माण, इसी प्रकार 11 लाख रुपए की लागत से सूर्य नगर में ही नालियों का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 8 में 23.50 लाख रुपए की लागत से सैनी हलवाई के निकट मुख्य नाला और गली का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 30 में 8.50 की लागत से क्रास रोड नंबर दस व ग्यारह में सत नारायण मंदिर गली का निर्माण, इसी प्रकार इस वार्ड में 13.49 रुपए की लागत से जमना दास अहाता मच्छी मोहल्ले में निर्माण कार्य। वार्ड नंबर 18 में 9.34 लाख की लागत से निर्मल विहार में गली व नाली का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 28 में 22.20 लाख की लागत से मोखा सिंह अहाता में सीसी रोड, वहीं चैन की मंडी पार्क में रोड का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 21 में 5.73 लाख की लागत से शिव मंदिर के निकट गली निर्माण। वार्ड नंबर 22 में 12.71 की लागत से सुंदर नगर क्षेत्र में गली का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 20 में घसीटपुर व हरिपुर क्षेत्र में 10.50 लाख की लागत से ड्रेन व गली का निर्माण होगा। वहीं नन्हेड़ा में 4 लाख की लागत से गली का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 24 में 16 लाख की लागत से अलग-अलग एरिया में गली का निर्माण किया जाएगा, एफसीआई गोदाम के निकट सड़क बनेगी। वार्ड नंबर 23 में 50 लाख रुपए की लागत से मिलाप नगर में स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन डाली जाएगी। वार्ड नंबर 32 में 10 लाख रुपए की लागत से बीसी बाजार में सार्वजनिक शौचालय के निकट चार दिवारी और ओपन जिम का निर्माण होगा। इसके अलावा इसी वार्ड में 10 लाख की लागत से ट्यूबवेल के निकट चार दिवारी, ओपन जिम का निर्माण किया जाएगा। वार्ड नंबर 31 में करीब 20 लाख की लागत से गुलाटी डेंटल क्लीनिक से पीरबाबा तक सड़क निर्माण और बिहारीलाल बिल्डिंग के निकट गली का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 27 में 16.50 लाख की लागत से पन्ना कॉटेज में स्ट्रॉम वाटर पाइप लाइन का निर्माण होगा। वार्ड नंबर 24 में 12.32 लाख रुपए की लागत से हाउसिंग बोर्ड में सड़क का निर्माण होगा वार्ड नंबर 26 में 15.13 लाख की लागत से सुभाष कॉलोनी में लाल बाबा मंदिर पार्क के पास गली बनेगी।

## खबर संक्षेप

### अविवाहित के नाम पर 11 बैंकों से लिया कर्ज, केस

अंबाला। नशे की हालत में गांव के ही व्यक्ति के नाम का गलत इस्तेमाल कर पेंशन हड़पने और 11 बैंकों से कर्ज लेने का मामला सामने आया है। इनमें से 5 लोन अभी चालू हैं। आरोपी ने पीड़ित का नाम अपने परिवार पहचान पत्र और राशन कार्ड में दर्ज करवा लिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा के तहत केस दर्ज किया गया है। बराड़ा के हुकम चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अविवाहित है। आरोप है कि गांव के बलविंद्र कुमार ने उनकी बेबसी का फायदा उठाया। नशे की हालत में रखकर उनके पहचान पत्रों और बैंक खातों का दुरुपयोग किया।

आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित 800 करोड़ के शहीद स्मारक का केंद्रीय गृहमंत्री करेंगे उद्घाटन

# पांच नवंबर को उद्घाटन से बाद गांधी ग्राउंड में होगी विशाल रैली

**किताबों में यही पढ़ाया गया कि आजादी की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी, मगर कांग्रेस के जन्म से पहले 1857 में सशस्त्र लड़ाई पूरे हिंदुस्तान में लड़ी गई**

**प्रदेश के विभिन्न स्कूलों व शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को शहीद स्मारक दिखाया जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





अंबाला। शहीद स्मारक का बाहरी दृश्य व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत करते मंत्री अनिल विज। फोटो : हरिभूमि

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 5 नवंबर को अंबाला छावनी में निर्मित शहीद स्मारक का उद्घाटन करेंगे। पहले स्मारक का उद्घाटन होगा और बाद में गांधी ग्राउंड में कार्यकर्ताओं की बड़ी रैली होगी। उन्होंने कहा इस रैली में पहुंचना लोगों के लिए बड़ी बात है। पांच नवंबर को उद्घाटन के बाद छह नवंबर से जनता के लिए शहीद स्मारक खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा सरकार ने यह भी आदेश दिए हैं कि प्रदेश के विभिन्न स्कूलों व शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को यह शहीद स्मारक दिखाया जाएगा ताकि युवाओं को पता चल सके कि 1857 में मेरठ से पहले अंबाला में स्वतंत्रता संग्राम शुरू हुआ था। विज अंबाला शहर के अंबाला क्लब में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता जी की अध्यक्षता में 5 नवंबर को आयोजित शहीद स्मारक के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता जी का स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने पदभार संभालने के थोड़े समय में ही बिजली जैसा जोश कार्यकर्ताओं में भर दिया है। वह अपने अनुभव के आधार पर कह सकते हैं कि अर्चना गुप्ता जी की रहनुमाई में भाजपा बहुत तरक्की करेगी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि शहीद स्मारक निर्माण को लेकर वह पिछले 25-30 वर्षों से प्रयास करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा किताबों में यही पढ़ाया गया कि आजादी की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी मगर जब उन्होंने और किताबें पढ़ी तो पाया कि कांग्रेस के जन्म से भी पहले 1857 में एक आजादी की लड़ाई सशस्त्र पूरे हिंदुस्तान में लड़ी गई जिसकी शुरूआत अम्बाला से हुई। उन्होंने कहा कि ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिससे पता चलता है कि 1857 में मेरठ से दस घंटे पहले नौ बजे अम्बाला छावनी में 60वीं और 5वीं नेटिव इंफेंटरी ने आजादी की लड़ाई का बिगुल बजा दिया था। मगर, इतिहास में कभी भी उन वीरों को याद नहीं किया गया, जिनको पेड़ों से बांध-बांध कर गोलियां मारी गई, जिनके ऊपर कोहलू चलाए गए उन शहीदों को कभी देश ने श्रद्धांजलि नहीं दी जोकि तकलीफदेय है।उन्होंने कहा आजादी के लिए यदि एक कदम भी किसी ने घर से बाहर निकाला वो उसे भी नमन करते हैं चाहे वो कांग्रेसी हो। उन्होंने कहा कि 1857 में सारे देश में आजादी की पहली लड़ाई हुई जिसे कभी किसी ने याद नहीं किया और कहीं कोई स्मारक नहीं बना जहां इस लड़ाई को प्रदर्शित किया जा सके। स्मारक निर्माण के लिए वह विधानसभा में कई बार खड़े हुए और बोले, इसका बकायदा रिकार्ड भी है।

### 800 करोड़ की लागत से तैयार हुआ स्मारक

1857 में आजादी की पहली लड़ाई को समर्पित शहीद स्मारक का पूरा इतिहास यहां प्रदर्शित होगा। 1857 में कहां-कहां लड़ाई हुई हरियाणा, बिहार, पंजाब और जहां-जहां लड़ाई लड़ी गई वहां आधुनिक तकनीक के माध्यम से युद्ध के इतिहास को प्रदर्शित किया जाएगा। शहीद स्मारक लगभग 800 करोड़ रुपए की लागत से बना है और उन्हें यकीन है कि सारा हिंदुस्तान इसे देखने के लिए आएगा। उन्हें विश्वास है कि जब बाहर से विदेशी महमान आएंगे तो ताजमहल के साथ-साथ शहीद स्मारक को भी देखने आएंगे और इसीलिए उन्होंने यहां हेलीपेड सुविधा भी रखी है। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि विशाल शहीद स्मारक को देखने के लिए लगभग छह घंटे का समय शहीद स्मारक देखने में लगेगा। यहां गाइड पूरी जानकारी लोगों को देखें, यहां लगभग ढाई हजार लोगों की क्षमता वाला ओपन एयर थियेटर होगा जहां शाम को लाइट, लेजर एंड साउंड शो बड़े कमल के फूल पर प्रदर्शित होगा।

### कमल के फूल के आकार का मेमोरियल टॉवर बनाया

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि शहीद स्मारक में 68 मीटर ऊंचा कमल के फूल आकार का मेमोरियल टॉवर बनाया है जिसमें दो हाई स्पीड लिफ्ट लगी है। कमल के फूल के अंदर भी संग्राहलय बनाया गया है जोकि आकर्षण का केंद्र होगा। उन्होंने कहा स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक गैलरी भी बनाई गई है।

# त्योहारों पर सफाई व्यवस्था बिगड़ी तो जिम्मेदारों की बढ़ेगी मुश्किलें

- एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारियों को दिए निर्देश
- हर वार्ड में सफाई कर्मचारी तैनात करने और अतिरिक्त ट्रॉली का प्रबंध करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



अंबाला। बैठक में भाग लेते कर्मचारी और अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

त्योहारों का सीजन है और बाजारों में भीड़ बढ़ रही है। ऐसे में शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। एसडीएम सतिंद्र सिवाच ने नगर पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर साफ निर्देश दिए कि बाजारों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नालों की सफाई से लेकर स्ट्रीट लाइटों तक की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने नगर पालिका के 20 सफाई कर्मचारियों में से प्रत्येक वार्ड के लिए एक कर्मचारी की ड्यूटी निर्धारित कर सफाई की जिम्मेदारी सौंपने को कहा। साथ ही शहर से कूड़ा उठाने के लिए अतिरिक्त ट्रॉली और लोडर का प्रबंध करने के निर्देश दिए, ताकि त्यौहारों के दौरान सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो। बाजारों में अतिक्रमण को लेकर एसडीएम ने दुकानदारों को स्पष्ट संदेश दिया कि वे अपनी दुकानों का सामान सड़क या फुटपाथ पर न रखें। इससे न केवल बाजारों में आवागमन बाधित होता है, बल्कि आमजन को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

### खाली प्लॉटों को कूड़ाघर न बनाएं लोग

शहर में खाली पड़े प्लॉटों में कूड़ा फेंकने की प्रवृत्ति पर भी एसडीएम ने चिंता जताई। उन्होंने आमजन से अपील की कि खाली प्लॉटों और आसपास के क्षेत्रों में गंदगी न फैलाएं। इससे दुर्गंध के साथ बीमारियां फैलने का खतरा भी बढ़ता है। उन्होंने नागरिकों से कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया।

# लूट के मामले में आरोपी काबू, बाइक, दो सोने की अंगूठी और चांदी का कड़ा बरामद

हरिभूमि न्यूज. अंबाला

थाना अंबाला छावनी क्षेत्र में महिला से पर्स लूटने की वारदात को सुलझाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल, लूटी गई दो सोने की अंगूठियां और एक चांदी का कड़ा बरामद किया गया है। जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक अजीत पाल ने बताया कि 24 अक्तूबर 2026 को पीड़िता ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि जब वह क्रॉस रोड, नजदीक स्टार-99 चौक के पास मौजूद थीं, तभी एक मोटरसाइकिल सवार युवक उनका पर्स छीनकर फरार हो गया। लूटे गए पर्स में दो सोने की अंगूठियां (महिला व पुरुष की) और एक चांदी का कड़ा रखा हुआ था। पीड़िता की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगामी जांच सीआईए-2 को सौंपी गई थी। जांच टीम ने तकनीकी संसाधनों और पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर तत्परता से कार्रवाई की।

पुलिस टीम ने जाल बिछाकर मामले के आरोपी दक्ष, निवासी ग्वाल मंडी को धर दबोचा। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने,वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल लूटी गई दो सोने की अंगूठियां एक चांदी का कड़ा बरामद कर लिया है।



अंबाला। कोतवाली थाने के मुख्य गेट पर नारेबाजी करते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता।

# मंत्री विज का पुतला दहन से पहले कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष को पुलिस ने घर से उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल विज के विवादित बयानों के विरोध में भाजपा कार्यालय के बाहर पुतला दहन करने का ऐलान करने वाले ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अंबाला शहर के अध्यक्ष विनोद धीमान को पुलिस ने सुबह करीब 7 बजे उनके घर के नजदीक से हिरासत में ले लिया। सिटी थाना प्रभारी सुनीता ढाका चार नंबर चौकी और एक नंबर चौकी के प्रभारियों सहित लगभग 30 से 40 पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचीं। इसके बाद विनोद धीमान को हिरासत में लेकर कोतवाली थाना ले गईं। धीमान की हिरासत की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी रोष फैल गया।भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता कांग्रेस भवन में एकत्रित हुए। फिर कोतवाली थाना पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना वर्ष 1885 में हुई थी और कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई में ऐतिहासिक भूमिका निभाई।

### विधायक के हस्तक्षेप के बाद किया रिहा

अंबाला शहर के विधायक चौधरी निर्मल सिंह के हस्तक्षेप के बाद विनोद धीमान को लगभग दोपहर 1 बजे रिहा किया गया। रिहाई के बाद विनोद धीमान ने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला शहर पुलिस ने थाना क्षेत्र शुकुल कुंड रोड अंबाला शहर के पास स्थित दुकान से सामान चोरी करने के मामले में तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू किया। जांच अधिकारी मुख्य सिपाही राजीव कुमार ने बताया कि तरुण ने शिकायत दी थी कि 27 अक्तूबर को आरोपी गुरमीत सिंह ने दुकान से सैलून का सामान जिसमें (कर्लिंग मशीन, प्रेसिंग ड्रायर व अन्य सामान) चोरी किया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने थाना अंबाला शहर में मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी गुरमीत सिंह को गिरफ्तार किया है।

# 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत बच्चों को किया जा रहा जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

उपमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों और कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 'सुरक्षित बचपन अभियान' के तहत माइंड ट्री विद्यालय तथा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में उपमंडल विधिक सेवा समिति के चेयरमैन एवं उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतेश गुप्ता तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि जिला एवं उपमंडल विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानूनी संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### सुरक्षा और अधिकारों का पाठ पढ़ाया

शहजादपुर। महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग और महिला प्रकोष्ठ द्वारा दो ज्ञानवर्धक व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में प्रोफेसर वनीता शर्मा व अंकिता के संयोजन में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई। वैश्विक शांति, सुरक्षा परिषद व सतत विकास लक्ष्यों पर आधारित इस स्पर्धा में रितिका, सिया, कुलविंदर कौर की टीम ने प्रथम, शालिनी, अंशिका, मनदीप की टीम ने द्वितीय तथा टीम मोनिका, कशिश, अर्पणा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपनी उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता का परिचय दिया। उपमंडल विधिक सेवा समिति द्वारा बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों और कल्याण के प्रति जागरूक किया।

# शहजादपुर में दीवाली के उपलक्ष्य में लगा मेला

- कार्यक्रम में एसडीएम शिवजीत भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ एवं महत्वपूर्ण दिवस समारोह समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिवाली मेले का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम शिवजीत भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। एसडीएम शिवजीत भारती ने रिबन काटकर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य रोहित कुमार ने मुख्य अतिथि एवं महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय की प्राचार्या का बेंबू ट्री भेंट कर स्वागत किया।

**कार्यक्रम** महाराजा अग्रसेन द्वार का पूर्व मंत्री ने किया उद्घाटन, कहा पूरे प्रदेश में नहीं ऐसा भव्य द्वार

# असीम गोयल ने कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का किया आह्वान

**जिला प्रधान विकास सिंगला की देखरेख में आयोजित समारोह की अध्यक्षता सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



बराड़ा। मुख्यअतिथि का स्वागत करते हुए समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

यहां नवनिर्मित महाराजा अग्रसेन द्वार की भव्यता और सुंदरता ने पूरे क्षेत्र में एक नई पहचान बनाई है। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने देर शाम द्वार का उद्घाटन करते हुए इसकी सराहना की। साथ ही इसे अग्रवाल समाज की एकजुटता, समर्पण और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक बताया। इसके बाद मुख्य बाजार स्थित एक निजी मैरिज पैलेस में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में सामाजिक एकता, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक और नई पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का आह्वान किया गया। जिला प्रधान विकास सिंगला की देखरेख में आयोजित समारोह की अध्यक्षता सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने की, जबकि पूर्व मंत्री असीम गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि नवरात्रों के दौरान उन्हें प्रदेश की 117 अनाज मंडियों में जाने का अवसर मिला। नांगल चौधरी से लेकर कुरुक्षेत्र तक उन्होंने अनेक स्थानों का दौरा किया, लेकिन यहां निर्मित महाराजा अग्रसेन द्वार जैसा भव्य और सुंदर द्वार देखने को नहीं मिला। उन्होंने इसके निर्माण के लिए अग्रवाल समाज को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के कार्य समाज की एकजुटता और सामूहिक संकल्प की ताकत को दर्शाते हैं।उन्होंने विशेष रूप से जिला प्रधान विकास सिंगला के नेतृत्व में द्वार निर्माण में योगदान देने वाली पूरी टीम की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों ने मिल-जुलकर इस भव्य निर्माण को साकार किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। गोयल ने कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। बेटियों को सम्मान, सुरक्षा और शिक्षा के समान अवसर देना समाज का कर्तव्य है। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई के खिलाफ दृढ़ संकल्प लेने का आह्वान किया।

### विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समारोह में पंचकूला से पहुंचे संदीप गोयल ने गीतों के माध्यम से महाराजा अग्रसेन के जीवन, व्यक्तित्व और आदर्शों का गुणगान किया। डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों की ओर से महाराजा अग्रसेन के जीवन पर आधारित झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ऋचा पाहवा, भाजपा जिला प्रधान मनदीप राणा, मंडल प्रधान डिंपल राणा, समाजसेवी रितेश गोयल, पूर्व विधायक राजबीर सिंह, नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष कुलराज शर्मा, उपाध्यक्ष योगेश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005